Presentation of 54th and 61st Reports of the Committee on Petitions

श्री सुनील कुमार सिंह **(चतरा) :** महोदय, मैं याचिका समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

(1)	पूर्वोत्तर राज्यों, विशेष रूप से गुवाहाटी में एलपीजी बॉटलिंग संयंत्रों, कंप्रेस्ड नेचुरल गैस स्टेशनों की क्षमता में वृद्धि करने और उससे संबंधित अन्य महत वपूर्ण मुद्दों के बारे में श्री तोकेही येपथोमी के अभ्यावेदन के संबंध में याचिका समिति (17 वीं लोक सभा) के 35 वें प्रतिवेदन में समिति द्वारा की-गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 54 वां प्रतिवेदन ।
(2)	विशेष रूप से मेघालय स्थित सरकारी स्वामित्व वाली सामान्य बीमा कंपनियों के कार्यकरण को नियमित करने की आवश्यकता और उससे संबंधित अन्य महत वपूर्ण मुद्दों के बारे में श्री आर. मराक के अभ्यावेदन के संबंध में याचिका समिति (17 वीं लोक सभा) के 36 वें प्रतिवेदन में समिति द्वारा की-गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 55 वां प्रतिवेदन ।
(3)	मुंबई में इंडियन ओवरसीज बैंक, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और केनरा बैंक के एटीएमों में बढ़ती धोखाधड़ी-एटीएम लेन-देन के लिए प्रभावी रणनीति पुन: तैयार करने की तत्काल आवश्यकता और उससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में श्री अभिषेक के अभ्यावेदन के संबंध में याचिका समिति (17 वीं लोक सभा) के 40 वें प्रतिवेदन में समिति द्वारा की-गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 56 वां प्रतिवेदन ।

(4)	सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 (सीओटीपीए) में प्रस्तावित संशोधनों और उससे संबंधित अथवा उसके आनुषंगिक मामलों के बारे में सर्वश्री रजनीकांत पी. पटेल और सुधीर साबले तथा श्री संजय बेचन के अभ्यावेदन के संबंध में याचिका समिति (17 वीं लोक सभा) के 41 वें प्रतिवेदन में समिति द्वारा की-गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 57 वां प्रतिवेदन ।
(5)	नागौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (राजस्थान) में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-3) के अंतर्गत सड़क विकास कार्यों की कथित रूप से मनमाने ढंग से स्वीकृति के बारे में श्री हनुमान बेनीवाल, पूर्व संसद सदस्य, लोक सभा के अभ्यावेदन के संबंध में याचिका समिति (17 वीं लोक सभा) के 44 वें प्रतिवेदन में समिति द्वारा की-गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 58 वां प्रतिवेदन ।
(6)	बेतूल, साउथ गोवा में प्रशिक्षण संस्थान नामत: पेट्रोलियम सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण प्रबंधन संस्थान (आईपीएसएचईएम) के पुनरुद्धार की आवश्यकता के बारे में श्री दीपक शर्मा के अभ्यावेदन के संबंध में याचिका समिति (17 वीं लोक सभा) के 45 वें प्रतिवेदन में समिति द्वारा की-गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 59 वां प्रतिवेदन ।
(7)	पीएसीएल लिमिटेड के निवेशकों की राशि लौटाने में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, सेबी की कथित मनमानी के बारे में श्री गौरव कुमार सोनी और अन्य के अभ्यावेदन के संबंध में याचिका समिति (17 वीं लोक सभा) के 50 वें प्रतिवेदन में समिति द्वारा की-गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 60 वां प्रतिवेदन ।

(8) पूर्वोत्तर राज्यों, विशेष रूप से मेघालय और असम में वन भूमि के अतिक्रमण और उससे संबंधित अन्य मुद्दों के बारे में श्री फिलिपसन के अभ्यावेदन के संबंध में याचिका समिति (17 वीं लोक सभा) के 51 वें प्रतिवेदन में समिति द्वारा की-गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 61 वां प्रतिवेदन ।

<u>14.09 hrs</u>